कार्यालय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सारण, छपरा।
निविदा सं. 02/2025

इस न्यायमण्डल के क्रय समिति के अनुशंसा के आलोक में जिला मुख्यालय के नये अभिलेख गृह में पुराने अभिलेखों के संरक्षण एवं उचित रख–रखाव हेतु आयरन/स्टील रैक का क्रय किया जाना है, जिसकी सूची तालिकानुसार निम्नवत् है:–

Sl. No.	Item Name and its description	Quantity
1	**IRON / STEEL RACK** Dimension of each Iron Rack - 7 Shelves. Angle - 4 pieces with Nut-Bolt Koniya - 2 Guage shelf with support Angle - 12 Guage Height - 114 inch Length - 36 inch Width - 15 inch	**50 Units**

उक्त सामानों की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित एवं निबंधित प्रतिष्ठानों/आपूर्तिकर्ताओं से अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में दिनांक 29.05.2025 तक मुहरबंद निविदा निबंधित डाक से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सारण, छपरा के पता पर या स्वयं उपस्थित होकर उक्त कार्यालय अवधि (07:00 AM से 01:00 PM) में अधोहस्ताक्षरी के प्रशासनिक कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

निविदा की शर्तें

1. निविदा में उल्लेखित दर बिहार वित्तीय नियम के तहत।
2. प्रतिष्ठानों/आपूर्तिकर्ताओं को अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा।
3. प्रतिष्ठानों/आपूर्तिकर्ताओं को आपूर्ति के समय तीन प्रति में बिल जमा करना होगा।
4. अधोहस्ताक्षरी को किसी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण निरस्त करने का अधिकार होगा।
5. प्रतिष्ठान/आपूर्तिकर्ता के पास पैन नम्बर एवं जी.एस.टी. नम्बर दोनों का होना अनिवार्य है।
6. राशि का भुगतान केवल चेक के द्वारा किया जायेगा।

नोट:–निविदा व्यवहार न्यायालय, छपरा में अवस्थित G+4 सभागार भवन के सभा कक्ष में क्रय समिति के समक्ष दिनांक 30.05.2025 को 01:00 बजे दिन में खोली जायेगी। प्रतिष्ठान/आपूर्तिकर्ता स्वयं या अपने किसी प्रतिनिधि के माध्यम से इसमें शामिल होंगे। निविदा आमंत्रण की प्रति व्यवहार न्यायालय, सारण, छपरा के शासकीय वेबसाईट districts.ecourts.gov.in/saran पर उपलब्ध है।

14.05.25

जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, चतुर्थ,
-सह-सदस्य, क्रय समिति,
सारण, छपरा
14.05.2025